**खबर संक्षेप**

### जिला चिकित्सालय को मिली डायलिसिस मशीन



**शहडोल।** सांसद विवेक तन्खा द्वारा जिला चिकित्सालय को डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मशीन का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने फीता काटकर किया। डायलिसिस मशीन उपलब्ध होने से अब किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।

### सीईओ ने बोरी बंधान एवं वर्षा जल संचयन कार्यों का निरीक्षण किया



**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर द्वारा ग्राम पंचायत दुलादर, सेमरा एवं पाथर का का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे बोरी बंधान एवं वर्षा जल संचयन के कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, जिससे वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो सके और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति से राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, पोषण आहार एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### जल महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शहडोल।** जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड शहडोल द्वारा ग्राम पंचायत पड़मनियां खुर्द में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य श्रीमती मधु श्रीवास्तव द्वारा वर्ष भर निरंतर जल प्रदाय सुनिश्चित करने वाले पम्प चालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया एवं उपस्थित आंगनवाड़ी, आशा एवं ग्रामीणों को एफटीके से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों द्वारा नारे लगाते हुए मैं भी हूँ जल रक्षक रैली का आयोजन किया गया। साथ ही एफटीके जल गुणवत्ता परीक्षण प्रशिक्षण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आशा कार्यकर्ता गिरजा गुप्ता (ग्राम पड़मनिया कला) एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना गुप्ता (ग्राम पड़मनिया खुर्द) को उत्कृष्ट जल परीक्षण हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप सरपंच पड़मनिया खुर्द अनिल साहू, आईईसी समन्वयक रोहणी कुमार बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन



**बुढ़ार।** नगर के जाने-माने समाजसेवी, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र तिवारी के निज निवास पर इन दिनों भक्ति का ऐसा ज्वार उठा है कि पूरा वातावरण राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान है। श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर शनिवार को कथा व्यास पूज्य बालकृष्ण पांडे ने अपनी ओजस्वी वाणी से ध्रुव चरित्र, विदुर प्रसंग और वामन अवतार की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथावाचक पांडे जी ने ध्रुव प्रसंग की व्याख्या करते हुए समाज को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा जब मात्र पाँच वर्ष की अल्पायु में बालक ध्रुव अपनी अटल भक्ति से परमात्मा को पा सकता है, तो आधुनिक युग का मानव भक्ति के मार्ग पर चलने से क्यों कतरा रहा है? उन्होंने जोर देकर कहा कि भगवान किसी महल या छप्पन भोग के भूखे नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम और समर्पण के प्यासे हैं। कथा के दौरान भगवान के वामन अवतार का प्रसंग भी अत्यंत जीवंत रहा।

## शहडोल में न्याय का स्वास्थ्य अवतार मसीहा बने डॉक्टरों ने दी नई जिंदगी

# रोटरी राहत शिविर में 21 हजार मरीजों का सैलाब









### आईटीआई परिसर में तीन दिनों तक चला चिकित्सा का महाकुंभ

### मुंबई-गुरुग्राम के विशेषज्ञों ने शहडोल में की जटिल सर्जरी, थमी नहीं भीड़

शहडोल।

विंध्य की धरती पर सेवा और समर्पण का ऐसा अध्याय लिखा गया, जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। रोटरी क्लब शहडोल, मंडला और जबलपुर सहित राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन और जिला प्रशासन के साझा प्रयासों से आयोजित रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का रविवार को भव्य समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस स्वास्थ्य महाकुंभ ने न केवल रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि 21,000 से अधिक पीड़ितों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई। आलम यह था कि समापन की बेला तक आईटीआई परिसर में मरीजों का हुजूम उमड़ता रहा, जिसे संभालने में प्रशासन के पसीने छूट गए।

#### जब शहडोल बना देश की मेडिकल कैपिटल

यह शिविर महज जांच तक सीमित नहीं था, बल्कि यह गंभीर रोगों के विरुद्ध एक सर्जिकल स्ट्राइक थी। मेदांता गुरुग्राम, मणिपाल नोएडा, बॉम्बे हॉस्पिटल और लीलावती मुंबई जैसे संस्थानों से आए मसीहाओं ने शहडोल के मरीजों को वो उपचार दिया, जिसके लिए लोग महानगरों के चक्कर काटते-काटते टूट जाते हैं। शिविर के दौरान आदित्य हॉस्पिटल में डॉ. विशाल कुंदनानी ने 3 स्पाइन सर्जरी की, वहीं डॉ. देवनानी (मुंबई) ने नी और हिप रिप्लेसमेंट के 3 ऑपरेशन किए। डॉ. प्रीतम अग्रवाल और डॉ. आदित्य द्विवेदी ने भी जटिल ज्वाइंट रिप्लेसमेंट कर मरीजों को दोबारा अपने पैरों पर खड़ा किया। गैस्ट्रो सर्जन डॉ. ललित निहाल ने 7 एंडोस्कोपी कर जटिल रोगों को पकड़ा।

#### पैथोलॉजी से लेकर कैंसर स्क्रीनिंग तक

शिविर संयोजक राजेश गुप्ता, रोटरी अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता और सचिव विनोद प्रधान ने जो आंकड़े प्रस्तुत किए, वे चौंकाने वाले हैं। चिरायु मेडिकल कॉलेज और पैथ क्योर के सहयोग से 18,344 पैथोलॉजी टेस्ट किए गए। इसके अलावा 38 मैमोग्राफी, 156 सर्वाइकल कैंसर और 185 ओरल कैंसर स्क्रीनिंग की गई। डायग्नोस्टिक्सः 1980 एक्स-रे, 592 सोनोग्राफी, 109 टूडी इको और 335 ईसीजी हुए। एसआर डायग्नोसिस के सहयोग से 22 ब्रेन और 80 स्पाइन एमआरआई की गई। फिजियोथेरेपीः मुंबई की टीम ने 1438 मरीजों को दर्द से राहत दिलाने हेतु प्रोसीजर किए।

#### अभी सफर खत्म नहीं हुआ

रोटरी क्लब ने स्पष्ट कर दिया है कि यह शिविर केवल तीन दिन का इवेंट नहीं था। जिन गंभीर मरीजों को चिन्हित किया गया है, उनकी सर्जरी और आगे का इलाज देश के बड़े अस्पतालों में रोटरी के सहयोग से जारी रहेगा। यह प्रतिबद्धता इस शिविर को ऐतिहासिक बनाती है।

#### जनसहयोग की अनूठी मिसाल

शिविर की सफलता में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, स्काउट गाइड और स्थानीय पैरामैडिकल कॉलेजों (शिवानी व विवेकानंद) का अतुलनीय योगदान रहा। यातायात पुलिस ने जहां भीड़ को संभाला, वहीं स्थानीय मीडिया और समाजसेवियों ने सूचना की मशाल जलाई। कौशल्या कुंदनानी फाउंडेशन और एएमपी संस्था के सहयोग ने इस आयोजन को मानवीय संवेदनाओं का शिखर बना दिया। रोटरी राहत शिविर ने यह साबित कर दिया कि अगर नीयत साफ हो और संकल्प बड़ा, तो संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आती। शहडोल संभाग के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं रहा।

#### चिरायु की सेना और संस्थानों का महा-गठबंधन

इस महाभियान की रीढ़ चिरायु मेडिकल कॉलेज की 300 सदस्यीय टीम रही, जिसमें डॉक्टरों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक ने दिन-रात एक कर दिया। साथ ही बालको कैंसर हॉस्पिटल, अपोलो, अमृता हॉस्पिटल और बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। चिरायु अस्पताल द्वारा बांटी गई लाखों की निःशुल्क दवाइयों ने गरीबों के आर्थिक बोझ को पूरी तरह खत्म कर दिया।

## बुढ़ार नेशनल लोक अदालत में 174 प्रकरणों का मौके पर निपटारा




बुढ़ार।

लंबे समय से कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहे पक्षकारों के लिए शनिवार का दिन न्याय की सौगात लेकर आया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह के निर्देशन में आयोजित नेशनल लोक अदालत ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए। तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार के अध्यक्ष और जिला न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस आयोजन में वर्षों से लंबित विवादों को आपसी सहमति से चंद मिनटों में सुलझा लिया गया।

#### चार खंडपीठों ने किया त्वरित न्याय का शंखनाद

लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और माल्यार्पण के साथ हुआ। न्याय की गति को रफ्तार देने के लिए बुढ़ार में कुल 4 खंडपीठों का गठन किया गया था। इसमें जिला न्यायाधीश सुशील कुमार अग्रवाल, श्रीमती आकांक्षा तेकाम, ऋषव दीक्षित एवं लक्ष्मण रोहित (न्यायिक मजिस्ट्रेट) ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए 174 नियमित प्रकरणों का निराकरण कर पक्षकारों को बड़ी राहत दी।

#### प्रशासनिक तालमेल और अधिवक्ताओं का अनूठा सहयोग

इस विधिक महाभियान को सफल बनाने में अभियोजन अधिकारियों और न्यायालयीन कर्मचारियों ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। अति. सहायक अभियोजन अधिकारी कुर्बेंद्र शाह ठाकुर, संतोष कुमार पाटले, अपर लोक अभियोजक श्री आलोक राय एवं अशोक सिसोदियाके साथ वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती अनीता शर्मा व नायब नाजिर राजकुमार पैकरा की मुस्तैदी चर्चा का विषय रही। अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा के नेतृत्व में शैलेंद्र प्रताप सिंह, अरुण सिंह, विजेंद्र सोनी और सत्येंद्र शुक्ला सहित तमाम अधिवक्ताओं ने पक्षकारों के बीच सुलह का सेतु तैयार किया। सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश सिंह एवं खंडपीठ सदस्यों ने भी इस पुनीत कार्य में आहुति दी।

#### मौके पर मिली चिकित्सा सुविधा

लोक अदालत की खास बात यह रही कि यहां न केवल कानूनी बल्कि मानवीय पहलुओं का भी ध्यान रखा गया। दूर-दराज से आए पक्षकारों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा विभाग की टीम मुस्तैद रही, जिसने आयोजन को और अधिक समावेशी बनाया।

## वारंट तामिली में कोताही बर्दाश्त नहीं, लापरवाही पर गाज गिरना तय



शहडोल।

न्याय प्रक्रिया में रोड़ा बनने वाले लापरवाह कर्मचारियों और लंबे समय से दराजों में धूल खा रहे वारंटों को लेकर पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। रविवार को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान एसपी ने जिले के कोर्ट मोहर्रिरों, समंस वारंट मददगारों और चालान मुंशियों की जमकर क्लास ली।

#### फाइलें नहीं, अब नतीजे चाहिए

बैठक में एसपी ने स्पष्ट लहजे में कहा कि न्यायालयीन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित समंस और वारंटों की सूची देखते हुए कड़े निर्देश दिए कि अब केवल कागजी खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, बल्कि धरातल पर त्वरित तामिली सुनिश्चित करनी होगी। पुलिस कप्तान ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि न्यायालय से प्राप्त आदेशों का तत्काल और समयबद्ध पालन हर हाल में होना चाहिए।

#### रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर नपेंगे जिम्मेदार

समीक्षा के दौरान न्यायालयीन अभिलेखों के अव्यवस्थित संधारण पर भी नाराजगी जाहिर की गई। एसपी ने निर्देश दिए कि फाइलों का रख-रखाव सुव्यवस्थित हो और आदेशों का पालन रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जाए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक ऋषभ छारी, रीडर लक्ष्मी द्विवेदी एवं आरक्षक मेलाराम भूमिया की उपस्थिति में स्पष्ट कर दिया गया कि यदि कोर्ट मोहर्रिर या वारंट मददगार की लापरवाही से न्यायिक प्रक्रिया बाधित हुई, तो संबंधित के विरुद्ध विभागीय गाज गिरना तय है।

## नेशनल लोक अदालत का किया गया आयोजन, 2749 प्रकरणों का हुआ निराकरण






**शहडोल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री काशीनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया गया। जिला शहडोल में नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में कुल 23 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें जिला न्यायालय शहडोल में 11 खंडपीठ, श्रम न्यायालय शहडोल के श्रम न्यायाधीश अभिषेक कुमार त्रिपाठी की 1 खंडपीठ, तहसील न्यायालय ब्यौहारी में 4 खंडपीठ, तहसील न्यायालय बुढ़ार में 4 खंडपीठ तथा तहसील न्यायालय जयसिंहनगर में 3 खंडपीठ गठित किए गए। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वर्चुअली माध्यम से चीफ जस्टिस के मार्गदर्शन में तथा भौतिक रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीनाथ सिंह द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नेशनल लोक अदालत के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से प्रकरण समाप्त होने पर दोनों पक्षों की जीत होती है और मुकदमा पूर्ण रूप से समाप्त हो जाता है, जिसकी अपील भी नहीं होती। साथ ही पक्षकारों को वाद शुल्क की वापसी भी हो जाती है। पारिवारिक मामलों में सुलह होने से परिवार टूटने से बच जाते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं उपस्थित जनों से अधिक से अधिक प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निराकरण कराने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा विधिक सेवा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा ब्रोशर आमजन के लिए उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय शशिभूषण शर्मा, विशेष न्यायाधीश श्रीमती दीपाली शर्मा, जिला न्यायाधीश कमलेश कोल, कृष्ण पाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह सिंगार, न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपेन्द्र सिंह मडावी, सीताशरण यादव, श्रीमती प्रीति सिंह बघेल, सुश्री अदिति कुमार शर्मा, सुश्री श्वेता यादव, सुश्री दीप्ति चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी/प्रभारी सचिव श्री देवेन्द्र सिंह परस्ते, डीपीओ हरिओम कुसुमाकर बैश्य, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश सिंह बघेल, उपाध्यक्ष सतीश पाठक, सचिव अधिवक्ता संघ अनिल तिवारी सहित अधिवक्ता संघ के अन्य सदस्य, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कुंजबिहारी द्विवेदी, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर तथा न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पचगांव में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

शहडोल।




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जनपद पंचायत सोहागपुर के तत्वावधान में नवांकुर संस्था सर्व मानव उत्थान जन कल्याण समिति शहडोल द्वारा कंचनपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पचगांव में ग्राम स्तर पर कार्यरत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य समितियों के सदस्यों की कार्यक्षमता ब?ाना, ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा परिषद की योजनाओं की जानकारी देना था।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडेय ने आओ बनाएं अपना मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत 9 विषयों पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा अटल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन की भावना से सभी को मिलकर कार्य करना होगा। प्रशिक्षण में नवांकुर संस्था से विषय विशेषज्ञ लोकनाथ नामदेव, के.पी. सिंह, परामर्शदाता आकांक्षा तिवारी तथा जयप्रकाश काछी उपस्थित रहे। विकासखंड समन्वयक सोहागपुर श्रीमती प्रिया सिंह बघेल ने प्रशिक्षण के विषयवस्तु पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को जन अभियान परिषद की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जयप्रकाश काछी एवं के.पी. सिंह द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में परिषद की योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने तथा ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर सखियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को एमपीजेएपी ऐप के माध्यम से समितियों की बैठकों, गतिविधियों एवं विभिन्न अभियानों से संबंधित जानकारी को एमआईएस में डाटा फीड करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के पदाधिकारी, परामर्शदाता तथा पचगांव, जोधपुर, दूधी, लालपुर एवं कंचनपुर सहित पांचों ग्रामों की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं नवांकुर सखियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

शहडोल।

रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों और बदहाल आपूर्ति व्यवस्था ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जनता के इस दर्द को हथियार बनाकर युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के मार्गदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष शेख साजिल सन्नी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया।

प्रदर्शन के दौरान युवा नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक तरफ गैस सिलेंडरों के दाम रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आपूर्ति ठप होने से गरीब के घर का चूल्हा बुझने की कगार पर है। शेख साजिल सन्नी ने हुंकार भरते हुए कहा कि सरकार अच्छे दिन का झुनझुना थमाकर आम जनता का आर्थिक शोषण कर रही है। यदि बढ़ी हुई कीमतें वापस नहीं ली गईं और आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई, तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।



विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में युवा जोश उमड़ा। इस दौरान सुहैला, आशु, सत्यम, अमन, जीत सिंह सिद्धू, सत्यम कुशवाहा, समीर खान, मुस्ता खान और गौरव प्यासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रशासन को चेताया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक आम जनमानस को महंगाई से राहत नहीं मिलती, युवा कांग्रेस सड़कों पर डटी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

उमरिया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग ने बताया कि ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने हेतु हैंडपंप संधारण एवं नल जल योजना संचालन, संधारण हेतु जिला अंतर्गत उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 9993202477 है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम के लिए अनुरूध्द सिंह उदद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन कि सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए तथा संजय बर्मन स्टोर क्लर्क कि दोपहर 2 बजे से सायं 8 बजे तक के लिए लगाई गई है। अवकाश के दिनों में अनिरूद्ध सिंह उद्दे हैंडपंप टेक्नीशियन को फोन अटेंड कर शिकायत रजिस्टर में संधारित करने हेतु नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर कार्यरत आर के गुप्ता सहायक यंत्री प्रभारी कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 7974203198, हिमांशु जायसवाल उपयंत्री विकासखंड मानपुर पाली मोबाइल नंबर 8109380365 तथा अजय कुमार शर्मा उपयंत्री विकासखंड करकेली मोबाइल नंबर 9131215330 तथा ठेकेदार मेसर्स इंटरनेशनल स्पेशल स्क्योरिटी फोर्स करकेली, मानपुर पाली मोबाइल नंबर 9752291747 से सीधे संपर्क किया जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत संपन्न


उमरिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वर्ष 2026 की प्रथम लोक अदालत एवं जन-जन तक न्याय सुलभ कराने के उद्देश्य की अवधारणा को साकार रूप प्रदान करने के लिए ए.डी.आर. सेंटर भवन, जिला न्यायालय परिसर उमरिया में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा की अध्यक्षता में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उमरिया मोहन डावर के सक्रिय सहयोग से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु 10 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिसमें 07 जिला न्यायालय उमरिया में, तहसील न्यायालय बिरसिंहपुर पाली में 02 तथा तहसील न्यायालय मानपुर में 01 खण्डपीठ गठित की गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा द्वारा सरस्वती की छायाप्रति में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला न्यायालय उमरिया के अंतर्गत मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में से कुल-प्रकरण लोक अदालत में रैफर किये गये, जिनमें से 16 प्रकरणों में कुल 5 प्रकरण निराकृत हुये एवं राशि 1240000 रूपये का एवार्ड पारित किया गया। धारा 138 के अंतर्गत 90 रैफर प्रकरणों में से 22 प्रकरण निराकृत हुए तथा 9600६- राशि रूपये के एवार्ड पारित किये गये। न्यायालय में लंबित आपराधिक समनीय मामलों में 581 प्रकरण रखे गये, जिसमें 139 प्रकरणों का निराकरण हुआ। वैवाहिक प्रकरणों के निराकरण हेतु कुल 4 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 1 प्रकरण को राजीनामा के माध्यम से निराकृत किया गया और कुल 431 लोग लाभांवित हुए। अन्य प्रकरणों में 121 प्रकरण रखे गये, जिसमें 31 प्रकरणों को निराकरण किया गया तथा 4000६- राशि रूपये का एवार्ड पारित किया गया। सिविल प्रकरणों में 91 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 7 प्रकरण का निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर न्यायालय में लंबित प्रकरणों में 933 प्रकरण रखे गये, जिसमें से 235 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा कुल राशि रूपये 5236587 का एवार्ड पारित हुआ। प्रीलिटिगेशन स्तर पर बैंक रिकवरी के 1567 प्रकरण में से 37 प्रकरण का निराकरण किया गया तथा 446200 राशि रूपये बैंकों जमा हुई, इसी प्रकार नगरपालिका के जलकर के 165 प्रकरणों में से 77 प्रकरण निराकृत हुए और 317000 राशि रूपये की वसूली की गई।

# बांधवगढ़ में 'मोबाइल कांड'! कोर जोन में टाइगर के सामने अधिकारी का वीडियो वायरल









### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर उठे सवाल

उमरिया।

देश के सबसे प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व में शामिल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक बार फिर बड़े विवाद में घिर गया है। इस बार मामला सीधे वन्यजीव संरक्षण नियमों और अधिकारियों की जवाबदेही से जुड़ गया है। टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सफारी के दौरान मोबाइल फोन के कथित उपयोग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पर्यटन विभाग के सहायक संचालक दिलीप कुमार मराठा टाइगर की फोटो और वीडियो बनाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब वन्यजीव संरक्षण को लेकर देश में नियमों को सख्ती से लागू करने की बात कही जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भी सवाल

मामले ने इसलिए और तूल पकड़ लिया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने 17 नवंबर 2025 को संरक्षित क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन को लेकर कड़े निर्देश दिए थे। इन निर्देशों में वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप रोकने और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया था। ऐसे में कोर क्षेत्र में मोबाइल फोन उपयोग का आरोप सामने आने के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या इन निर्देशों का पालन वास्तव में हो रहा है।

### ताला जोन में दिखा 'बजरंग', और शुरू हो गया विवाद

सूत्रों के अनुसार 13 मार्च 2026 की शाम की सफारी के दौरान ताला जोन में वीआईपी पर्यटकों के साथ भ्रमण के समय चर्चित टाइगर 'बजरंग' दिखाई दिया। इसी दौरान सामने आए वायरल वीडियो में सहायक संचालक दिलीप मराठा कथित रूप से मोबाइल फोन से टाइगर की फोटो और वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। वन विभाग की सफारी गाइडलाइन के अनुसार कोर क्षेत्र में अनावश्यक मोबाइल उपयोग को हतोत्साहित किया जाता है, क्योंकि इससे वन्यजीवों के प्राकृतिक व्यवहार में व्यवधान की आशंका रहती है।

### पर्यटकों ने भी जताई नाराजगी

सफारी में मौजूद कुछ पर्यटकों ने भी इस घटना पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब पर्यटकों को बार-बार मोबाइल फोन निकालने से रोका जाता है, तो अधिकारियों द्वारा स्वयं मोबाइल से टाइगर की फोटो लेना नियमों के दोहरे मापदंड को दिखाता है। सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो तेजी से फैल रहा है और लोग वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

### पहले भी विवादों में रहा नाम

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार सहायक संचालक दिलीप मराठा का नाम पहले भी कई विवादों से जुड़ चुका है। अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार और गाली-गलौज के आरोप, एक डिप्टी रेंजर द्वारा कथित प्रताडऩा से आहत होकर आत्महत्या का प्रयास, ताला क्षेत्र के बठान इनक्लोजर में रखे दो बाघ शावकों में से एक का रहस्यमय तरीके से लापता होना, सूत्रों का यह भी कहना है कि उस समय इन शावकों की वीआईपी पर्यटकों को कथित रूप से विशेष फोटोग्राफी कराई जाती थी, जिससे वन विभाग के भीतर भी चर्चा हुई थी।

### निलंबन, कोर्ट और फिर वहीं पोस्टिंग

बताया जाता है कि पूर्व में विवादों के चलते उन्हें निलंबित भी किया गया था। बाद में उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और निलंबन आदेश पर स्थगन प्राप्त कर लिया। इसके बाद से वे लंबे समय से उसी क्षेत्र में पदस्थ बताए जाते हैं, जिस पर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं।

### अब कार्रवाई पर देश की नजर

ताजा वायरल वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों, वन्यजीव प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है। अब निगाहें मध्यप्रदेश वन विभाग के शीर्ष अधिकारियों, प्रमुख सचिव संदीप यादव और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (बल प्रमुख) शुभरंजन पर टिकी हैं कि क्या वायरल वीडियो की जांच कर कोई सख्त कार्रवाई की जाएगी या मामला फिर प्रशासनिक फाइलों में दब जाएगा। बांधवगढ़ का यह ताजा विवाद अब केवल स्थानीय मुद्दा नहीं रहा, बल्कि वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर राष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ सकता है।

# मानपुर में स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी कमीशन के खेल में दांव पर जिंदगियां

### झोलाछाप और अवैध पैथोलॉजी का आतंक



मानपुर। तहसील क्षेत्र में इन दिनों स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मौत का खुला कारोबार फल-फूल रहा है। कोरोना काल के बाद अवैध पैथोलॉजी सेंटरों ने पूरे क्षेत्र को अपनी जकड़ में ले लिया है। आलम यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हैं और झोलाछाप डॉक्टर मरीजों की जेब और जान, दोनों से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### बीएमओ की कृपा या भ्रष्टाचार का गठजोड़

चर्चाओं का बाजार गर्म है कि मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ की विशेष अनुकंपा के चलते ही ये अवैध दुकानें धड़ल्ले से चल रही हैं। अस्पताल की व्यवस्थाएं इस कदर चरमरा चुकी हैं कि जो जांचें सरकारी अस्पताल में मुफ्त होनी चाहिए, उनके लिए भी गरीब मरीजों को जबरन निजी लैब में धकेला जा रहा है। कमीशन के इस काले खेल में सफेदपोश डॉक्टर और लैब संचालक मिलकर मासूम ग्रामीणों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।

### ताला पेट्रोल पंप के पास बिछा है जाल

ताला-बांधवगढ़ मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप अवैध पैथोलॉजी का एक बड़ा समूह सक्रिय है। यहां प्रतिमा पैथोलॉजी जैसे संस्थान नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए संचालित हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो रामबहादुर यादव नामक व्यक्ति मेडिकल की आड़ में गुप्त रूप से क्लीनिक और लैब चला रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि पूर्व में शिकायतों के बावजूद कार्रवाई सिफर रही, जिससे साफ जाहिर होता है कि इन मौत के सौदागरों को ऊपर से तगड़ा संरक्षण प्राप्त है।

### कौन हैं वे भाड़े के डॉक्टर

सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि पैथोलॉजी लैब केवल एमडी पैथोलॉजिस्ट की देखरेख में ही चल सकती हैं, लेकिन मानपुर में नियम ताक पर हैं। यहां बी.फार्मा और


मरीजों की जिंदगी भगवान के रहमों करम पर

गायनोलॉजी वाले लैब चला रहे हैं। आखिर वे कौन से डॉक्टर हैं जिन्होंने चंद रुपयों की खातिर अपनी डिग्रियां इन नौसिखियों को भाड़े पर दे रखी हैं? क्या प्रशासन उन डिग्रीधारी डॉक्टरों की पहचान कर उनके लाइसेंस निरस्त करने की हिम्मत दिखाएगा, इन तथाकथित डॉक्टरों के नाम पर चल रहे फर्जीवाड़े की उच्च स्तरीय जांच अनिवार्य है।

### जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला

जिले में बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी और प्रशासनिक अमला केवल खानापूर्ति में व्यस्त है। जब भी अवैध लैब या झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की बात आती है, तो विकासखंड से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी नए-नए बहाने बनाकर पल्ला झाड़ लेते हैं। झुग्गी-झोपडिय़ों तक में डॉक्टर और एक्स-रे के बोर्ड लटके हैं, लेकिन प्रशासन को यह दिखाई नहीं देता। क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। अगर समय रहते जिला प्रशासन ने इन रक्तपिपासु सेंटरों पर नकेल नहीं कसी, तो मानपुर की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर चली जाएगी।

# कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में शनिवार सुबह एक कपड़ा दुकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। यह घटना नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 12 स्थित मुख्य मार्ग पर संचालित विहान गारमेंट्स एवं रेडीमेड कपड़ा दुकान में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 7:30 से 8:00 बजे के बीच बंद दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य का कपड़ा, काउंटर तथा अलमारी जलकर नष्ट हो गए। आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। बताया गया है कि सुबह करीब 8 बजे एक राहगीर ने दुकान से धुआं उठते देखा और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पास में रहने वाले नागेश्वर यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान के शटर का ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही नगर परिषद अमरकंटक को भी फायर ब्रिगेड के लिए सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से पानी डालकर आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आग और अधिक फैलने से बच गई। उक्त दुकान नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद देवानंद खत्री की पत्नी श्रीमती हर्षिता खत्री द्वारा संचालित की जाती है। घटना की सूचना मिलते ही खत्री दंपति मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया। घटना की प्राथमिक सूचना अमरकंटक थाना पुलिस को दे दी गई है तथा राजस्व विभाग को भी अवगत करा दिया गया है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आग लगने के कारणों की जांच-पड़ताल की जा रही है। इस घटना में खत्री दंपति को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही फुंदेलाल सिंह मार्को, क्षेत्रीय विधायक पुष्पराजगढ़, ने पार्षद देवानंद खत्री से दूरभाष पर बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि इन दिनों अमरकंटक क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शनिवार को ही कपिल संगम वार्ड क्रमांक 8 के जंगल में भी आग लगने की घटना सामने आई थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए विशेष सावधानी और सतर्कता की आवश्यकता है।

# पात्र परिवारों को मिलेगा दो माह का एकमुश्त राशन

हरिभूमि न्यूज राजनगर।




मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पात्र परिवारों को मार्च माह से 2 माह का एक मुश्त राशन दिया जाएगा। जिससे राशन पाने वाले हितग्राहियों को मार्च-अप्रैल एवं दूसरी बार मई-जून का राशन एक साथ मिलेगा। यह निर्देश खाद आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने पत्र क्रमांक 1506 भोपाल, दिनांक 11 मार्च को जारी किए हैं। अभी तक पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकान से हर माह राशन लेने के लिए जाना होता था। प्रदेश सरकार ने अब गर्मी के मौसम को ध्यान रखते हुए पात्र परिवारों को एक मुश्त दो माह का राशन एक साथ देने का निर्णय लिया है। पात्र हितग्राही 10 मार्च से 15 अप्रैल तक मार्च एवं अप्रैल का राशन एक साथ शासकीय उचित मूल्य कि दुकान से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं 1 मई से 31 मई तक हितग्राहीयो को मई एवं जून का राशन प्राप्त कर सकेंगे। इसकी जानकारी आमजनो तक पहुंचाने के लिए सभी उचित मूल्य की दुकानों पर फ्लेक्स और बैनर लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। नगर परिषद बनगवां (राजनगर), डोला, डूमरकछार क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के विक्रेताओं ने पात्र हितग्राहियों से राशन उठाने की अपील शासन के निर्देश प्राप्त होते ही नगर परिषद क्षेत्रो के समस्त शासकीय उचित मूल्य कि दुकानो के विक्रेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी हितग्राहियों को मैसेज, फोन, सोशल मीडिया, के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को शासन के निर्देशों का पालन कराते हुवे जानकारी पहुंचाना प्रारंभ कर दिया है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के भीतर शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 1, के विक्रेता रमेश यादव, शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 2 के विक्रेता जगत लाल केवट, नगर परिषद डोला क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य कि दुकान के विक्रेता जयदीप यादव, नगर परिषद डूमरकछार के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता लवकेश पांडे, ग्रामीण क्षेत्र से ग्राम पंचायत रेऊदा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता जगत लाल केवट, ग्राम पंचायत फुलकोना के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता रमेश शर्मा, ग्राम पंचायत सेमरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता चिरंजीवी शर्मा, ग्राम पंचायत ऊरा के शासकीय उचित मुल्य कि दुकान के विक्रेता अखिलेश द्विवेदी (अज्जू) एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान टांकी के विक्रेता अखिलेश द्विवेदी व शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम निमहा के विक्रेता विजय पांडे, आसपास क्षेत्र आमाडांड, बरतराई, मलगा के शासकीय उचित मूल्य के दुकान के विक्रेताओं ने सभी पात्र हितग्राहियों से यह भी अपील किया की अपने क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर आकर अपना दो-दो माह का राशन प्राप्त करें।

## लोक अदालत ने सुलझाया 7 साल पुराना घर मालिकाना हक का विवाद

# पड़ोसियों के बीच हिंसक झड़प का अंत




हरिभूमि न्यूज>कोतमा।

14 मार्च सात वर्षों से चले आ रहे एक लंबे कानूनी विवाद का पटाक्षेप आज लोक अदालत में हो गया। कोतमा तहसील के जमुना क्षेत्र में दो पड़ोसी परिवारों के बीच घर के मालिकाना हक को लेकर शुरू हुआ यह झगड़ा कोर्ट में पहुंचा था, जो हिंसक झड़पों तक पहुंच गया था। विवाद की शुरुआत 2019 में हुई जब पड़ोसी राठौर परिवारों ने एक ही संपत्ति पर दावा ठोका। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर पर कब्जा करने का आरोप लगाया, जिससे कई बार लाठी-डंडों से मारपीट और पुलिस हस्तक्षेप की नौबत आई। सात सालों में दर्जनों सुनवाईयों के बावजूद मामला सुलझा नहीं था, जिससे दोनों परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से त्रस्त हो चुके थे। लोक अदालत में न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा के प्रयासों से दोनों पक्षों को आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया और विस्तृत चर्चा तथा समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने समझौते पर सहमति व्यक्त की। समझौते के बाद दोनों पक्षों ने कहा, "7 साल की लड़ाई ने हमारी जिंदगी बर्बाद कर दी थी। लोक अदालत ने हमें शांति दी। अब हम पड़ोसी की तरह रहेंगे।" यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि लोक अदालत छोटे-बड़े विवादों का सबसे तेज और सस्ता समाधान है।

## प्रनयुस द्वारा सिविल सेवा तैयारी पर ऑनलाइन वेबिनार आयोजित

### दूरदर्शन के सहायक निदेशक अश्वनी दुबे ने लिया सत्र

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।



प्रणाम नर्मदा युवा संघ के तत्वावधान में सिविल सेवा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक ऑनलाइन चर्चा सत्र (वेबिनार) आयोजित किया गया। इस वेबिनार में देश के विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर राज्य एवं केंद्र स्तरीय सिविल सेवाओं तथा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अश्वनी दुबे (अधिकारी) रहे, जो वर्तमान में दूरदर्शन, नई दिल्ली में असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वे ग्राम कूड़ा, जिला डिंडोरी के निवासी हैं और तीन बार संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में सफल रह चुके हैं। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कारकी रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभ्यर्थियों को निरंतर अध्ययन, स्वाध्याय, अनुशासन तथा मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। दुबे ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन अनुभव भी साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा शिशु मंदिर और जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त करने के बाद उन्होंने रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई और सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी और सफलता हासिल की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रणाम नर्मदा युवा संघ के सचिव हरीश धुर्वे एवं संस्था सदस्य संजना सिंह द्वारा अतिथि परिचय से हुई। वेबिनार में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा वंचित वर्ग के अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रन्यूष संस्था के अध्यक्ष डॉ. विकास चंदेल ने भी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार के करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करते रहने की बात कही। कार्यक्रम का संयोजन माखन सिंह द्वारा किया गया, वहीं संचालन कार्य जागृति शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती निधि सिंह राठौड़ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप



### पसान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**बदरा/जमुना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पसान स्थित महादेव रेस्टोरेंट प्रांगण में 14 मार्च को सैकड़ों महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किए, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और एक-दूसरे को बधाई देकर महिला एकता और सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर एवं दीपा सिंह रहीं। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने नृत्य, गीत और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के बीच आपसी संवाद और प्रेरणादायक विचारों का आदान-प्रदान भी हुआ, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। मुख्य अतिथि प्रीति सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "महिलाएं आज समाज के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। शिक्षा, प्रशासन, व्यापार और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ऐसे आयोजन महिलाओं को आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में जमुना कॉलोनी की कंचन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि "आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। मेहनत, शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। जरूरत है कि समाज महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करे। वहीं योगा टीचर शबनम सिंह ने कहा कि "महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। योग और सकारात्मक जीवनशैली से महिलाएं न केवल स्वस्थ रह सकती हैं बल्कि अपने परिवार और समाज को भी मजबूत बना सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं में मीना, संजू, कविता, काजल, सोना, पायल, वैशा, जैश्री, रानी, निशा, भावना, प्रतिमा, सोमालिका, सुनीता, किरण, सुधा, शबनम, रीमा, निशा, रानी, श्रुति, लीला, सुमिता, सुमन, प्राप्ति, ओजस्वी, पूजा सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

### मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एकसाथ कराई जा रही वितरित

**उमरिया।** एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को शासन द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित कराई जा रही है। इसके लिए हितग्राही उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन से एक बार मार्च माह के लिए तथा दूसरी बार अप्रैल माह के लिए इस प्रकार कुल 2 बार मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर बॉयोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। 2 बार अंगूठा लगाने के बाद उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा हितग्राही को दोनो माहों की राशन सामग्री एकसाथ दी जावेगी। एनएफएसए अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों से अपील है कि उचित मूल्य दुकान से दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) करके अपनी मार्च एवं अप्रैल दोनो माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एवं मशीन से निकाली गई 02 पावती भी प्राप्त करें।

### राशन दुकान से गेहूं एव चावल ले गये चोर

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत ग्राम खड़ौला स्थित सरकारी राशन पर चोरो ने वारदात को अंजाम देते हुए दुकान का ताला तोड़कर 23 क्विंटल गेहूं-चावल पारकर दिया। सेल्समैन दुर्गा चौधरी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने राशन दुकान में सेंध लगाकर भारी मात्रा में अनाज पार कर दिया। दुकान से 16 क्विंटल 79 किलो गेहूं और 7 क्विंटल 7 किलो चावल गायब हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 20,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए) **BNS** के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया गया

जिले के कलेक्टर सभाकार में आज15 मार्च विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया गया जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकार के बारे में जागरूक करना एवं उपभोक्ता संबंधी कानून का उपयोग कैसे करें बताना होता है, आज की स्थिति में हर 10 में से एक उपभोक्ता पीड़ित है, जो कहीं ना कहीं किसी न किसी माध्यम से ठगी का शिकार हो रहा है,




उमरिया

उपभोक्ता अधिनियम उपभोक्ताओं के संरक्षण संबंधी कानून तो देता है लेकिन ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में जागरूकता का अभाव होने के कारण लोग शोषित होते जाते हैं उन्हें यही नहीं मालूम कि कहां अपनी आवाज को उठाना है, आज 15 मार्च को कलेक्टर सभागार उमरिया में विश्व उपभोक्ता दिवस की बैठक हुई जिसमें अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन उमरिया द्वारा उपभोक्ताओं की तरफ से प्रतिनिधित्व किया गया एवं उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया गया, उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकार एवं उसका उपयोग कैसे करना है इसकी जानकारी दी, उपभोक्ता संगठन सदस्य श्याम गुप्ता जी द्वारा उपभोक्ताओं के साथ हो रही वर्तमान में ठगी में अपनी चिंता व्यक्त की, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन लगातार उपभोक्ताओं के हितों के लिए आवाज उठाता रहता है और आगे भी उपभोक्ता के हित में आवाज उठाने के लिये हमेशा तत्पर रहेगी वही सभागार में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री रोहित सिंह सहायक कनिष्क आपूर्ति श्री मति जागृति मैडम उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेख अग्रवाल उपभोक्ता संगठन सदस्य श्याम गुप्ता खाद्य विक्रेता प्रबंधक मैनेजर एवं सभी कोटेदार वा उपभोक्ता मौजूद रहे ।



## खड़ेह घाट का होगा निर्माण , बढ़ेगी पर्यटन सुविधायें भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

ब्यौहारी।

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरसी मैं बने आईलैंड की पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने के लिए खड़ेह हनुमान मंदिर के पास खडेहघाट का निर्माण कराया जाएगा जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम 14 मार्च को संपन्न हुआ कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक शरद को ल, प्रभा मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष, आकांछी प्रीतू सिंह जनपद अध्यक्ष, श्याम पाल तिवारी मंडल अध्यक्ष,भरत सिंह अंकू जनपद सदस्य ,राम सिया लखेरा सरपंच बहेरिया, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधिकारी, एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## पूर्व सरपंच एवं कोटेदार के पुत्र के बीच में गाली गलौज का वीडियो वायरल

## हिरवार उचित मूल्य में लोगों को नहीं मिलता राशन

ब्यौहारी।

ब्यौहारी- विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरवार की उचित मूल्य दुकान में गरीबों के खाद्यान्न पर डाका डाला जा रहा है और किसी को भी पूरा खाद्यान्न नहीं दिया जाता प्रत्येक हितग्राही का 5 से 10 किलो खाद्यान्न काट लिया जाता ऐसा करने के लिए कोटेदार पुत्र अनहर प्रसाद मिश्र द्वारा गांव-गांव घूम कर हाथ की लिखी पर्ची दी जाती है जबकि उनको कंप्यूटराइज पर्ची देना चाहिए हाथ की लिखी पर्ची देते हैं जिससे लोगों को यह पता नहीं चल पाता कि उसको कूदना गेहूं मिल रहा है और कितना चावल मिल रहा है जबकि कंप्यूटराइज पर्ची में गेहूं चावल नमक का विवरण लिखा होता है कम खाद्यान्न दिया जाता है इसी के लिए पूर्व सरपंच आर बी सिंह द्वारा कोटेदार के पुत्र अनहर प्रसाद



मिश्रा से बातचीत की जा रही थी जो गाली गलौज और हाथापाई में बदल गई दोनों पक्षों में से किसी ने भी थाने में लिखित शिकायत नहीं दर्ज कराई लेकिन इससे यह साबित हो रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की राशन वितरण व्यवस्था किस तरह से चल रही है क्षेत्र के जनपद सदस्य भारत सिंह अंकू ने बताया कि हर महीने गरीबों का खाद्यान्न काटा जाता है ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों को जानकारी भी दी गई लेकिन आज तक कोटेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई इसके अलावा भी कई अन्य गांवों के कोटेदारों द्वारा महीने में सिर्फ पांच दिन ही दुकान खोली जाती है जबकि शासन का निर्देश है कि महीने में कम से कम 20 दिन दुकान खोली जाए जिससे हर एक व्यक्ति को आसानी से खाद्यान्न मिल सके ग्राम हिरवार के ग्राम वासियों ने कलेक्टर से कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है1

## भक्ति के रस में डूबा हीरा कॉलोनी

## विदुर-विदुरानी के प्रेम और ध्रुव की भक्ति ने मोहा श्रद्धालुओं का मन मोहा

बुढार।

**नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई, नरेंद्र तिवारी के निवास में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तीसरे दिन शनिवार को कथा व्यास श्री बालकृष्ण पांडे जी ने विदुर-ध्रुव संवाद और वामन अवतार के प्रसंगों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।**

### भक्ति की शक्तिः ध्रुव ने 5 वर्ष की आयु में पाए प्रभु

कथावाचक ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि यदि पांच वर्ष का बालक अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और अटूट भक्ति से ईश्वर को प्राप्त कर सकता है, तो सामान्य मनुष्य क्यों नहीं? उन्होंने जोर देते हुए कहा, "भगवान तो प्रेम के भूखे हैं, यदि सच्चे मन से पुकारा जाए तो वे स्वयं दौड़े चले आते हैं।"



श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथावाचक पूज्य दिव्य गुरुवार बालकृष्ण पांडे ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया।

कथावाचक ने कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुर जी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। कथा के दौरान कथावाचक ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया। साथ ही कथा में राजा बलि का संदर्भ भी सुनने मिला। महाराज श्री ने बताया कि भगवान ने असुर राज बलि के अहंकार को तोड़ने और देवताओं को उनका स्वर्ग लौटाने के लिए माता अदिति के गर्भ से जन्म लिया। वामन ने बलि से तीन पग भूमि मांगकर, दो पग में पृथ्वी और आकाश नाप लिया और तीसरा पग बलि के सिर पर रखकर उसे पाताल का राजा बना दिया।

## बीच सड़क में पार्किंग बना कर परिवहन नियम को तिलांजलि देकर अपना अपना प्रतिष्ठान डंके की चोट पर चला रहे

ब्योहारी

ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत बीच सड़क में पार्किंग बना कर परिवहन नियम को तिलांजलि देते हुए डन्के कि चोट में व्यापारी* ब्योहारी नगर परिषद क्षेत्र में आज ये स्थिति है बस्ती में अपने अपने प्रतिष्ठान के सामने बीच सड़क में पार्किंग बना कर परिवहन नियम एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों कि संकरी गली में अतिक्रमण कर सड़क पर पैदल राहगीर व छोटे वाहन को निकलने बड़ा मुश्किल होता है ये हाल वार्ड में यहां पर प्रशासन नाम कोई व्यवस्था नहीं है। *इसी तरह ब्योहारी का ह्दय दिल कहां जाने वाला बनसुकली चौराहा रीवा शहडोल मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण कर सड़क किनारे दोनों साइड दुकान सजा कर अच्छा लोगों के द्वारा व्यापार किया जाता है इसी तरह शहडोल मार्ग साईड बस स्टैंड, पुरानी मजिस्ट्रेटी, जय स्तंभ, जंगल चौंकी, ब्योहारी थाना के आसपास, रेलवे तिराहा, इसी तरह रीवा मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्तर्गत सड़क किनारे चूंगी नाका स्थित चारों तरफ सड़क किनारे बड़े बड़े व्यापार होता है टंकी तिराहा ब्योहारी में सड़क किनारे मेला जैसा लगा रहता है बड़े बड़े वाहन चालक वाहन चलाने में असुविधा होती हैं रीवा शहडोल राजमार्ग में कम हजारों वाहन का आना जाना रहता है और आऐ दिन कोई कोई घटना देखने व सुनने को मिलती हैं*




नगर परिषद प्रशासन से अपेक्षा कि नगर वार्ड में संकरी गलियों में लोगों के द्वारा जो पार्किंग बना रखा उनसे अतिक्रमण मुक्त करें प्रशासन स्थानीय से अपेक्षा है कि रीवा शहडोल राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए जिससे गम्भीर घटना घटने होने से पहले प्रशासन को अतिक्रमण करें।

## हैहयवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज की बैठक संपन्न

## शहडोल नगर और जिला कार्यकारिणी का हुआ निर्विरोध चुनाव



शहडोल

(मध्य प्रदेश) में हैहयवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज की वर्तमान में चल रही प्रदेशव्यापी चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत, शहडोल में ताम्रकार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक शैलेश ताम्रकार के निवास पर आयोजित इस बैठक में सर्वसम्मति से समाज के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जो समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

**निर्वाचन प्रक्रिया और नेतृत्व**

प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार एवं निर्वाचन अधिकारी हरिओम ताम्रकार के कुशल मार्गदर्शन और प्रयासों से चुनाव प्रक्रिया को विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। बैठक की सबसे खास बात यह रही कि सभी नियुक्तियां सर्वसम्मति से की गईं, जिसे समाज के वरिष्ठ जनों ने एक सराहनीय कदम बताया।

## शहडोलः महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बुढार।

थाना के अंतर्गत केशवाही चौकी पुलिस ने एक महिला को प्रताड़ति कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले कई महीनों से महिला को मानसिक रूप से परेशान कर रहा था।

### क्या है पूरा मामला?

चौकी प्रभारी गंगा सिंह मार्को ने बताया कि ग्राम बलबहरा (चौकी केशवाही) की निवासी 30 वर्षीया सुनैना कुशवाहा (पति सुरेंद्र कुशवाहा) ने बीती 11 मार्च 2026 को ग्राम पंचायत भवन में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग क्रमांक 22/2026 के तहत जांच शुरू की थी।

### जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

घटनास्थल के निरीक्षण, पीएम रिपोर्ट और साक्ष्यों के बयानों से यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मुरारीलाल सोनी उर्फ मुरारी (33 वर्ष), निवासी ग्राम बलबहरा, पिछले 7-8 महीनों से मृतिका को लगातार परेशान कर रहा था।

बदनाम करने की साजिशः आरोपी मृतिका को गाली-गलौज करता था और उसे अपने साथ रखने की झूठी बात कहकर गांव-मोहल्ले में बदनाम कर रहा था।फोन पर प्रताड़नाः आरोपी फोन के माध्यम से भी महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ति करता था।तंग आकर उठाया कदमः इसी निरंतर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर सुनैना कुशवाहा ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

### पुलिस की कार्रवाई

मर्ग जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस (BNS) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। केशवाही चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी मुरारीलाल सोनी को 13 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया और 14 मार्च को उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढार विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में केशवाही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गंगा सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक राजभान सिंह, आरक्षक उमेश राठौर और गणेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न

उमरिया।

युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा उन्हे विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पालीटेक्निक महाविद्यालय में स्वरोजगार एवं कारियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।

स्वरोजगार एवं कारियर मार्गदर्शन शिविर को संबोधित करते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक अंकित कुमार सिंह ने कहा कि आज का समय युवाओं के लिए अवसरों से भरा हुआ है। यदि युवा सही दिशा मे प्रयास करें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते है बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होने विशेष रूप से स्टार्ट-अप योजना के संबंध मे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सरकार नवाचार और नए व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं को आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण तथा मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। उन्होने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर नए-नए उद्यम स्थापित करें।

भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक सेवक राम सोनवानी ने विद्यार्थियों को बैंक द्वारा स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न प्रकार के ऋणों की जानकारी दी। उन्होने बताया कि बैंक युवाओं को



स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरल शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराता है। उन्होने मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि युवा सही योजना और मेहनत के साथ व्यवसाय शुरू करते है तो बैंक उनकी हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक दीपक गुप्ता ने सफल उद्यमियों से संबंधित प्रेरणादायक वीडियों विद्यार्थियों को दिखाएं। इन वीडियों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया गया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ इच्छा शक्ति और परिश्रम के बल पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यार्थियों ने इन वीडियों को बडे उत्साह और ध्यान से देखा तथा उनसे प्रेरणा प्राप्त की।

कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार बाजपेयी के स्वागत भाषण से हुई। अपने संबोधन मे प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के समय में केवल नौकरी पर निर्भर रहना पर्याप्त नही है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपनी क्षमता के अनुसार नए-नए उद्यम शुरू करें और समाज के विकास मे योगदान दें। उन्होने कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन शिविर विद्याथियों के भाविष्य निर्माण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण तथा बैंक के अधिकारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

कार्यकम मे जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक अंकित कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक दीपक गुप्ता, प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक उमरिया के प्रबंधक सेवक राम सोनवानी महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार बाजपेयी, विभागाध्यक्ष मेकेनिकल इंजीनियरिंग अतुल अहिरवाल, सहायक ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट आफीसर श्री श्रीकांत पाण्डेय तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के खिलाडियों ने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कुल 8 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर तथा 46 बालक-बालिकाओं ने राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता दर्ज कराई। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी इस प्रकार हैं प्रियंका देवी मैराथन, हरियाणा, प्रीति देवी मैराथन, हरियाणा, योगेश्वरी मरकाम ट्रिपल जंप, लखनऊ, आरती देवी 400 मीटर हर्डल दौड़ लखनऊ (प्रशिक्षकः विनोद कुमार प्रजापति), साक्षी पुषाम हैंडबॉल, सोमनाथ (गुजरात), खुशबू हैंडबॉल, शिमला (प्रशिक्षकः संगीता दीन), संतोषी देवी फुटबॉल, रांची (झारखंड) (प्रशिक्षकः मंती धुर्वे), रावेंद्र कुमार फुटबॉल, उमरिया (प्रशिक्षकः प्रीतम सिंह उइके) विद्यालय की प्राचार्य सुश्री अनुजा मिश्रा के कुशल निर्देशन तथा समस्त कोच और पीटीआई के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इस सफलता में योगदान देने वाले प्रशिक्षक एवं पीटीआई इस प्रकार हैं राजेंद्र त्रिपाठी (कोच), सुश्री संगीता दीन (वरिष्ठ पीटीआई), विनोद कुमार प्रजापति, जितेंद्र सिंह, योगवती धुर्वे, हीरावती श्याम, मंती धुर्वे, प्रीतम सिंह उइके, मुकेश मरावी एवं उमेश कुमार। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### संपन्न हुआ भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में मंडल स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत 14-15 मार्च को पसान (मंगल भवन, जमुना कॉलोनी) एवं कोतमा में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। अनुशासन में रहते हुए मंडल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की तथा सत्रों में दी गई जानकारी को ग्रहण किया। दोनों दिनों में भाजपा के प्रशिक्षित पदाधिकारियों, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल, मिथिलेश प्यासी, अनिल गुप्ता, राम अवध सिंह, रामदास पुरी, बृजेश गौतम, आधा राम वैश्य, डॉ. सुनील चौरसिया एवं हनुमान गर्ग ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। संगठन द्वारा निर्धारित समय पर आयोजित सत्रों में प्रथम दिन भाजपा का इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, प्रश्नोत्तरी, भोजन एवं मनोरंजन सत्र शामिल रहे। रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन प्रातः जागरण और योगा के पश्चात केंद्र सरकार की योजनाएं, सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं संगठन ऐप का उपयोग, बूथ प्रबंधन, मन की बात, प्रदेश सरकार की उपलब्धियां तथा कार्य विस्तार की दृष्टि जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजक सिद्धार्थ शिव सिंह, सहसंयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष आनंद केसरवानी, जितेंद्र भट्ट, विनोद केवट, मंडल पसान के संयोजक अजय द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू एवं कोतमा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, कोतमा के कार्यक्रम संयोजक विजय पांडे की सराहनीय भूमिका रही। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## चेकिंग के नाम पर वसूली का खेल

# राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर यातायात पुलिस से बचने को रास्ता बदल रहे ट्रक चालक

अनूपपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर यातायात पुलिस की चेकिंग इन दिनों सवालों के घेरे में है। ट्रक चालकों और वाहन मालिकों का आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर वाहनों को रोककर अवैध वसूली की जा रही है। हाईवे पर पुलिस की मौजूदगी देखते ही कई ट्रक चालक रास्ता बदलने को मजबूर हो रहे हैं। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों और वाहन मालिकों द्वारा कई बार शिकायत भी की जा चुकी है।

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**





जिले के फुनगा स्थित यातायात चौकी एक बार फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से तैनात यातायात पुलिस पर अब अवैध वसूली के गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ट्रक चालकों और वाहन मालिकों का कहना है कि चेकिंग के नाम पर वाहनों को रोककर उनसे बिना किसी रसीद के पैसे वसूले जाते हैं। बताया जा रहा है कि दिन हो या रात, हाईवे पर जगह-जगह वाहन रोककर कथित तौर पर 'एंट्री फीस' ली जाती है। इधर शहर में शादी-विवाह के सीजन के चलते कई जगह जाम की स्थिति बनी रहती है, लेकिन आरोप है कि यातायात पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था संभालने के बजाय हाईवे पर वसूली में व्यस्त रहती है। इससे आम लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### हाईवे पर पुलिस देखते ही रास्ता बदल रहे ट्रक चालक

ट्रक चालकों का कहना है कि हाईवे पर यातायात पुलिस की मौजूदगी देखते ही कई वाहन चालक तत्काल अपना रास्ता बदल लेते हैं। उनका आरोप है कि चेकिंग के नाम पर वाहनों को रोककर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है और पैसे की मांग की जाती है। इस कारण कई चालक पुलिस से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाते हैं, जिससे सड़क पर अव्यवस्था और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### वसूली की 'काली डायरी' का आरोप

वाहन चालकों के बीच चर्चा है कि यातायात विभाग में वसूली का एक संगठित नेटवर्क काम कर रहा है। आरोप है कि कुछ आरक्षकों के पास एक विशेष डायरी रहती है, जिसमें रेत, गिट्टी और मिट्टी परिवहन करने वाले वाहनों के नंबर दर्ज होते हैं। इसी आधार पर वाहनों से कथित रूप से मासिक रकम वसूली जाती है। बताया जाता है कि जिन वाहन मालिकों ने यह राशि जमा कर दी, उनके वाहनों को नो-एंट्री क्षेत्रों में भी आसानी से प्रवेश मिल जाता है।

### ईमानदार कप्तान की छवि पर उठ रहे सवाल

अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अपनी सख्त और ईमानदार कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं, लेकिन यातायात विभाग पर लग रहे आरोप उनकी छवि पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ समय पहले एक चालक द्वारा यातायात पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद यह मुद्दा और चर्चा में आ गया। अब स्थानीय लोग और वाहन चालक मांग कर रहे हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# चादर और फादर से सनातन की रक्षा अनिवार्य-डॉ. प्रेमासाई महाराज

### आयोजकों की उदासीनता पर झलका संत का दर्द, कहा- भविष्य में कभी नहीं आऊंगा बिजुरी

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**



स्थानीय वार्ड क्रमांक 06 स्थित राजीव रतन क्रीड़ांगन में बीते 11 मार्च से जारी दिव्य दरबार के माध्यम से जनसेवा कर रहे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध संत डॉ. प्रेमासाई महाराज ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि स्थानीय आयोजकों के असहयोग के कारण वे भविष्य में कभी बिजुरी की धरती पर कदम नहीं रखेंगे।

### आयोजकों ने झाड़ा पल्ला, संस्थान ने खर्च किए लाखों

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महाराज ने बताया कि उन्हें स्थानीय आयोजकों द्वारा बड़े आग्रह के साथ आमंत्रित किया गया था। लेकिन आयोजन शुरू होते ही आयोजकों ने व्यवस्थाओं से हाथ खड़े कर लिए। डॉ. प्रेमासाई ने भावुक होकर कहा, श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए हमने स्वयं जिम्मेदारी संभाली। हजारों लोगों के भोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर अब तक संस्थान की ओर से 6.50 लाख खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दरबार पूर्णतः निःशुल्क और निस्वार्थ भाव से केवल जन-कल्याण के लिए लगता है।

### घर वापसी के संकल्प पर जोर

धार्मिक विसंगतियों पर प्रहार करते हुए डॉ. महाराज ने कहा कि चादर और फादर (धर्मांतरण की शक्तियों) से सनातन की रक्षा करना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आगामी 19 मार्च को छत्तीसगढ़ के शक्ती नामक स्थान पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अन्य धर्म अपना चुके 100 लोगों की सनातन धर्म में घर वापसी कराई जाएगी।

### आज नगर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार, 16 मार्च को शाम 5:00 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। डॉ. प्रेमासाई महाराज ने क्षेत्र के समस्त सनातनी धर्मावलंबियों और जिले भर के नागरिकों से इस शोभायात्रा में सम्मिलित होकर धर्म की शक्ति प्रदर्शित करने का आह्वान किया है।

### इनका कहना है

हमारा संकल्प केवल प्रचार नहीं, बल्कि भटके हुए लोगों को वापस अपने मूल धर्म से जोड़ना है। ईश्वर की मर्जी से ही समस्याओं का निराकरण संभव है।

**डॉ. प्रेमासाई महाराज**
**आयोजक**
**दिव्य दरबार**




# खदान के खिलाफ किसानों की हुंकार, 16 मार्च को 'खदान बंद' आंदोलन

### राष्ट्रीय किसान नेता डॉ. सुनीलम होंगे शामिल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पंचायत पड़रिया में संपन्न हुई है। बैठक में आसपास के कई गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों किसान शामिल हुए। किसानों ने एक स्वर में निर्णय लिया कि लंबित मांगों को लेकर 16 मार्च को खदान बंद आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन को मजबूती देने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम भी पहुंचकर किसानों की लड़ाई में साथ देने वाले है।

**मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार की मांग तेज**

बैठक में रामपुर, बटुरा, खैरबना, बैरिहा, पड़रिया, खांड़ा, चांका, अतरिया, बिछिया और कोदेली सहित कई गांवों के किसान मौजूद रहे। किसानों ने मांग रखी कि अधिग्रहित सभी गांवों का मुआवजा एक साथ दिया जाए और विस्थापन, पुनर्वास व पुनर्स्थापना की प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाए। साथ ही परियोजना में स्थानीय किसानों के परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता देने और ैब्ट व ड्त मद से क्षेत्र में विकास कार्य कराने की मांग भी जोरदार ढंग से उठाई गई।

**बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी उठी आवाज**

किसानों ने कहा कि खदान परियोजना से प्रभावित गांवों में आज भी सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अधूरी हैं। रामपुर टगरा टोला से सादा तिराहा तक सड़क मरम्मत और विद्युतीकरण जल्द कराने की मांग रखी गई। आंदोलन समिति ने दोनों जिलों के किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों और मीडिया से 16 मार्च सुबह 10 बजे आंदोलन स्थल पर पहुंचकर किसानों के संघर्ष को समर्थन देने की अपील की है।

# प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण जिला, फिर भी अंधेरे में गांव, प्यासे कंठ-आशीष सेन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



लोकतंत्र को इस देश में आए कई दशक गुजर चुके हैं। जनता के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए जनप्रतिनिधि चुने गए, योजनाएं बनीं, घोषणाएं हुईं और भाषणों की गूंज भी खूब सुनाई दी, लेकिन अगर कोई अनूपपुर जिले के ग्रामीण इलाकों की ओर नजर घुमा ले, तो लगता है कि लोकतंत्र की रोशनी अभी भी गांवों तक पहुंचने से पहले ही कहीं रास्ते में थक कर बैठ गई है। बात पते की यह है कि अनूपपुर की धरती को खनिजों का खजाना कहा जाए तो गलत नहीं होगा यहां की जमीन से कोयला, बॉक्साइट, काला पत्थर और रेत जैसे कीमती खनिज निकलते हैं और सरकारी खजाने को मालामाल करते हैं। रोज़ सैकड़ों ट्रकों में भरकर यह संपदा जिले की सीमाएं पार करती है और बड़े शहरों व उद्योगों की चकाचौंध बढ़ाती है। लेकिन विडंबना देखिए कि जिस धरती से यह दौलत निकल रही है, उसी धरती के गांव आज भी बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सरकारें बदलती रहीं, वादों की भाषा भी बदलती रही, लेकिन गांवों की तस्वीर जैसे किसी पुराने कैलेंडर में अटकी रह गई है। चुनाव के समय जनता लोकतंत्र की ताकत कहलाती है और चुनाव खत्म होते ही वही जनता "भीड़" बन जाती है। आदिवासी समाज गर्व से कहता है कि जल, जंगल, जमीन हमारी है, अब सवाल भी सीधा और सादा है कि जब इसी जमीन से करोड़ों रुपये का कोयला, रेत, काला पत्थर और बॉक्साइट निकल रहा है, तो उस जमीन के असली मालिकों को कम से कम बिजली और पानी मुफ्त क्यों नहीं मिल सकता है? कागजों में विकास की लंबी-लंबी योजनाएं बनती हैं। जिला खनिज प्रतिष्ठान के नाम पर करोड़ों रुपये आते हैं, बैठकों में विकास के आंकड़े भी चमकते हैं। लेकिन गांवों की सच्चाई अब भी वही पुरानी कहानी सुनाती है कि कहीं बिजली के भारी बिल से परेशान लोग, तो कहीं पानी की समस्या से जूझते प्यासे कंठ। अब पते की यह है कि नेता जी विधानसभा में भी हाजिरी लगा रहे हैं और जनता के बीच भी समय-समय पर दिखाई देते हैं। ग्रामीण अगर कह दें कि "साहब, गांव में बिजली-पानी की बड़ी समस्या है", तो जवाब मिलता है कि "जल्द ही हो जाएगा व्यवस्था की जा रही है।" लेकिन गांवों की हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। गांवों में बिजली के खंभे खड़े हैं, पर रोशनी नहीं है। हैंडपंप लगे हैं, पर पानी नहीं है ग्रामीणों ने नेताओं से कोई महल नहीं मांगा था उन्होंने तो बस अंधेरे के लिए थोड़ी रोशनी और प्यास बुझाने के लिए थोड़ा पानी मांगा था...बाकी विकास की गंगा फिलहाल कागजों और भाषणों में ही बह रही है और गांव अब भी अंधेरे में हैं, कंठ अब भी प्यासे हैं।

## सनातन धर्म के संरक्षण और समाज को एक सूत्र में जोड़ने के उद्देश्य से निकाली जाएगी शोभायात्रा-प्रेमासाईं महाराज

# मातंगी धाम के तत्वावधान में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**



अनूपपुर के बिजुरी स्थित माइन्स कॉलोनी में जारी आध्यात्मिक उत्सव अपने भव्यता पर है। सोमवार 16 मार्च को शाम 5 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आगाज़ होगा। गुरुदेव प्रेमासाईं महाराज ने इसे सनातन धर्म की मजबूती और जन-जागरण का अभियान बताया है। इस दौरान पूरा शहर भक्ति के रंग में डूबा नजर आएगा जिसकी तैयारियों में प्रशासन से लेकर स्थानीय युवा और मातृशक्ति जुटी हुई है। बिजुरी नगर पालिका क्षेत्र के माइन्स कॉलोनी में 11 मार्च से चल रहे त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार के छठवें दिवस के अवसर पर सोमवार 16 मार्च को मातंगी धाम के तत्वावधान में भव्य दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर पूरे बिजुरी नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है मां मातंगी दिव्य दरबार के पूज्य गुरुदेव प्रेमासाईं महाराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोमवार शाम 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर के पास समस्त सनातन धर्मा वासियो का एकत्रीकरण किया जाएगा।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और जनसहयोग एक सामूहिक उत्सव

आयोजन समिति के अनुसार इस धार्मिक कार्यक्रम में बिजुरी नगर के नागरिकों, युवाशक्ति और मातृशक्ति का भरपूर सहयोग मिल रहा है। साथ ही पुलिस प्रशासन और नगरीय प्रशासन भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नगर के समाजसेवियों और युवाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए ठहरने और भोजन की विशेष व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई है।

### समिति की मार्मिक अपील

आयोजन समिति ने समस्त नगरवासियों और प्रबुद्धजनों से विनम्र अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएं। समिति का मानना है कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन धर्म के गौरव को पुनर्स्थापित करने और समाज में एकता का संचार करने का एक सामूहिक संकल्प है।

### शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग होंगे शामिल

भव्य शोभायात्रा कि जानकारी प्रेमासाई महराज ने देते हुए बताया गया कि शोभायात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से निकलकर हनुमान मंदिर, काली मंदिर होते हुए पीपल चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचकर इसका समापन किया जाएगा। प्रेमासाईं महाराज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सनातन धर्म के संरक्षण के साथ समाज को एक सूत्र में जोड़ना है उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के माध्यम से समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता का संदेश दिया जाएगा।

# सामाजिक सद्भावना बढाता है रंगों का पावन पर्व होली-दिलीप जायसवाल, अनूपपुर जिला विकास मंच ने स्थापित की उत्कृष्ट परंपरा-हर्षल पंचोली

## मिड-वे ट्रीट किरर मे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

भारतीय सनातन परंपरा मे रंगों का पावन पर्व होली सामाजिक सद्भावना बढाने मे सहायक रहा है। होली का पर्व हमें एक साथ मिलजुल कर रहने और परंपराओं के निर्वहन की शिक्षा देता है। अनूपपुर जिला विकास मंच द्वारा 14 मार्च शनिवार को मिड वे ट्रीट किरर, पुष्पराजगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमापूर्ण, उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर होली की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम मे मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने उपरोक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज के दौर मे तनावपूर्ण जीवन मे होली मिलन समारोह के माध्यम से हम सभी लोग आपस मे एक साथ मिलजुल कर रंगोत्सव मनाते हैं, तो बचपन की होली ध्यान आती है। जब हम सभी लोग बिना भेदभाव के खुशियों भरा यह त्यौहार मनाते थे। पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने क्षेत्र वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारतीय परंपराओं मे त्योहारों के आयोजन की परंपरा जीवन मे उत्साह का संचार करती है। यह एक ऐसा त्यौहार है जिसमे कोई जाति, वर्ण, भाषा, प्रांत, गरीबी अमीरी का भेद नहीं होता। अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आयोजन की मुक्त कंठ सराहना करते हुए कहा कि अनूपपुर जिला विकास मंच ने पिछले वर्ष भी होली मिलन का गरिमामयी समारोह आयोजित किया था। इस वर्ष भी वनांचल के शांत मनोरम स्थल पर होली मिलन का आयोजन कर इसे परंपरा का स्वरूप दे दिया है। उन्होंने जिले के लोगों को नशामुक्त, स्नेहिल और सौहार्दपूर्ण होली मनाने के



लिये धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी ने भारतीय सनातन परंपराओं मे रंगो के पावन पर्व होली के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने जिला वासियों को होली त्यौहार की शुभकामनाएँ देते हुए आयोजन की सराहना की। जिला विकास मंच के संयोजक मनोज द्विवेदी ने होली पर्व की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम मे शामिल जिले भर से आए अतिथियों के प्रति आभार जताया। वरिष्ठ पत्रकार राजेश शिवहरे ने महौल को खुशनुमा बनाते हुए लोगों को बधाई दी।

### जमकर उडाया गुलाल

होली मिलन समारोह मे शामिल अतिथियों और गणमान्य लोगों ने हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव मनाया। लोगो ने समभाव से खुशियाँ मनाते हुए एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ दीं। शुरुआत मे लोग मंत्री दिलीय जायसवाल और कलेक्टर हर्षल पंचोली को रंग लगाने मे झिझकते दिखे। लेकिन उनके सहज, सरल, प्रेमपूर्ण व्यवहार से कुछ ही देर मे लोगों ने जमकर रंग, गुलाल उडाया।

### फाग गायन से मुग्ध हुए लोग

अनूपपुर के गायक अंजनी सिंह मेजर, मंच का कुशल संचालन कर रहे डां देवेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शुक्ला के फाग गायन ने अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया। लोगो ने प्रसन्न मन से फाग गायन का आनंद उठाया।

### सहभोज मे शामिल हुए लोग

मिड वे ट्रीट किरर पुष्पराजगढ के संचालक सुनील कुशवाहा एवं उनकी टीम ने लिट्टी, चोखा के साथ अन्न से बने व्यंजनों से अतिथियों को खुश कर दिया। लोगों ने समारोह मे आयोजित सहभोज का स्वाद ले लेकर लुत्फ उठाया। इस समारोह मे उक्त अतिथियों के साथ जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, रंजीत सर्राटी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी, जिला दवा विक्रेता संघ के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र केशरवानी, गुड्डा सोनी, धनंजय तिवारी के साथ अनूपपुर राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक, वेंकटनगर, जैतहरी, कोतमा, बिजुरी सहित अन्य स्थानों के वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, गणमान्य लोग शामिल हुए।